टेक्सटाइल पार्क तक चार लेन चौड़ी सड़क बनेगी

लखनऊ। मलिहाबाद के अटारी गांव में टेक्सटाइल पार्क को लेकर चार लेन सड़क बनेगी। करीब 1100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रही परियोजना के लिए आउटर रिंग रोड के रैथा अंडरपास से अटारी गांव तक 14 किमी सड़क बनेगी। पीडब्ल्यूडी ने 410 करोड़ का प्रस्ताव शासन भेज दिया है।

शासन के निर्देश पर अटारी फार्म से स्थल से चार लेन चौड़े मार्ग की अधिकतम उपयोगिता, प्रस्तावित परियोजना के लिए आउटर रिंग रोड (रैथा अंडरपास) से पीएम मित्र पार्क तक कुल लंबाई 14.280 किमी का प्रस्ताव बनाया है। लोनिवि अफसरों के मुताबिक टेक्सटाइल, अपैरल पार्क की कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर अटारी गांव को चुना गया है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता अनूप मिश्रा ने बताया कि मलिहाबाद के अटारी गांव में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के लिए 14 किमी चार लेन सड़क बनाई जाएगी। 410 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए शासन भेजा गया है। उम्मीद है कि 15 जनवरी तक बजट को मंजूरी मिल जाएगी।